महत्वपूर्ण एवं खास

सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

न्याय साक्षी/रायगढ़। ग्राम कुडुमकेला में रहने वाली श्रीमती सहोद्रा साव पति स्व. बाबूलाल साव उम्र 58 वर्ष दिनांक 14.12.19 के सुबह अपने दामाद कृष्णा साव निवासी कोल्हेन झरिया कुनकुरी जिला जशपुर और बेटी के साथ कुडूमकेला के निर्मल मांझी की मोटर सायकल मांगकर अपनी बहन गुरूवारी बाई के घर ग्राम कसडोल जा रही थी कि सुबह करीब 11:30 बजे हरियाणा ढाबा कुडुमकेला के पास मोटर सायकल का चालक कृष्णा साव मोटर सायकल को लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे तीनों को चोटें आयी है। दुर्घटना में श्रीमती सहोद्रा साव का निधन हो गया। मृतिका के लड़के के रिपोर्ट पर चालक कृष्णा साव के विरूद्ध थाना घरघोड़ा में अप.क्र. 238/19 279,337,304 (ए) आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

चोरी की नियत से घर में घुसा चोर डॉयल 112 के हवाले

न्याय साक्षी/रायगढ़। ग्राम बगबुड़वा में रहने वाला महेश सिदार उर्फ क्रेजी पिता तीजराम सिदार उम्र 25 साल चोरी की नियत से बर्तन व्यवसायी कैलाश अग्रवाल निवासी पोस्ट आफिस रोड़ खरसिया के मकान में घुसकर बालकनी के पास छुपा हुआ था जिसे रात्रि करीब 03:30 बजे जब कैलाश अग्रवाल बाथरूम जाने के लिये उठे तो पकड़े और डॉयल 112 को कॉल कर इवेंट दिये। इवेंट पर डॉयल 112 स्टाफ मौके पर जाकर आरोपी महेश सिदार को हिरासत में लेकर चौकी खरसिय लायी। घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता कैलाश अग्रवाल के रिपोर्ट पर चौकी खरसिया, थाना खरसिया में अपराध क्रमांक 532/19 457,511 आईपीसी पंजीबद्ध कर आरोपी महेश सिदार को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

मोबाईल शॉप का ताला तोड़कर 14 नग मोबाईल सहित नगदी रूपये कीचोरी

न्याय साक्षी/रायगढ़। सारंगढ वार्ड क्रमांक 11 में रहने वाले राजेश कुमार साहू उम्र 29 वर्ष द्वारा दिनांक 14.12.19 को थाना सारंगढ़ मं अपने शॉप में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि गुरूघासीदास पुष्प वाटिका के बगल में अम्बिका नाम का मोबाईल दुकान है। दिनांक 13.12.2019 को शाम करीब 07:30 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। दिनांक 14.12.2019 को सुबह करीब 08:30 बजे दुकान खोलने के लिए आया तो देखा कि दुकान का दोनों ताला टुटा हुआ था तब दुकान अंदर जाकर देखने पर पता चला कि ग्राहकों द्वारा रिपेयरिंग के लिए दिये गये कुल 14 नग अलग अलग कंपनी के मोबाईल तथा गल्ला में रखे 2500 रूपये (कुल जुमला कीमती 25000 रूपये) को कोई अज्ञात चोर दुकान से चोरी कर ले गया था , चोरी की रिपोर्ट पर थाना सारंगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 344/19 धारा 457,380 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

हथियार सहित एक नक्सली गिरफ्तार

कांकेर (आरएनएस)। नियमित गश्त के दौरान जवानों ने संदेह के आधार पर मुरवंडी बड़ी नाला के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पेका मुंसी कवच के पास से 10 नग भरमार बंदूक, 1 बारह बोर, 9 नग बैटरी, नक्सली वर्दी, बिजली वायर बरामद किया गया। गिरफ्तार नक्सली को पुछताछ के साथ और भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होने की बात कही जा रही है।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति की सौंधी महक से सुवासित हुआ युवा महोत्सव

» करमा में मृंदग की थाप पर थिरक उठे कदम

» कलाकारों की बेहतरीन प्रस्तुति से मुग्ध हुए दर्शक

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ आज शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय महापल्ली में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सीईओ सागर सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति अनोखी है और आज यहां जिले के चयनित कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे है। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र की धुरी है और राष्ट्र की बागडोर उनके हाथों में है। स्वामी विवेकानंद के कथन का स्मरण करते हुए युवाओं को आव्हान करते हुए उन्होंने कहा कि उठो, जागो तब तक प्रयास करो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये। सहायक संचालक खेल संजय पॉल ने बताया कि 32 विधाओं में विकासखण्ड से चयनित कलाकार आज यहां प्रस्तुति दे रहे है। यहां से चयनित कलाकार 12 से 15 जनवरी को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में शिरकत करेंगे।

युवा महोत्सव में रायगढ़ की श्रुति दास ने ओडिसी का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रौद्र रूप में माता दुर्गा के महिषासुर वध की अनूठी प्रस्तुति दी। पुसौर की धरित्रि सिंह चौहान ने कथक में ठुमरी, शिव स्तुति, तत्कार, आमद एवं तुकड़े के माध्यम से भाव नृत्य की प्रस्तुति दी। रायगढ़ के ही लोकरंग दल के कलाकारों ने ददरिया एवं सुआ नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी जिसमें अमरैया चिरैया के किलोर जाये... माटी के दिया पोनी के बाती... ददरिया के माध्यम से लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। करमा नृत्य सारंगढ़ के कलाकारों ने खेती-किसानी के दिनों में करमा एवं सरहुल के माध्यम से आयो घर गेलो, बबा घर गेलो, मिंजुरा-मिंजुरा बोले ला... के काटै के काटै नवा करम डाइर... उल्लास के अभिव्यक्ति की गई। घरघोड़ा के अजय कुमार खूंटे एवं उनकी टीम द्वारा ऊर्जावान पंथी नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। बरमकेला के प्रकाश ताण्डी ने लोकगीत छइंया-भुईयां प्रस्तुत किया। पुसौर के कलाकारों ने डण्डा पार्टी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं शरद कुमार मेहर के सुमधुर वायलिन वादन से श्रोता आनंदित हुए। विवेक देवांगन के बांसुरी वादन एवं हरिकृष्ण तिवारी के सितार वादन तथा कन्हैया लाल पटेल, आयुष पटनायक एवं लम्बोदर प्रसाद पटेल के तबला वादन ने समां बांध दिया। इस अवसर पर अरूण जायसवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र नंदे ने किया।

दो अबोध बालकों ने खाया रतनजोत का बीज, डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

न्याय साक्षी/रायगढ़। धर्मजयगढ़ राइनो को दिनांक 15.12. 2019 के दोपहर 15:00 बजे ग्राम मिरीगुड़ा में मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला। मेडिकल इमरजेंसी के इवेंट पर ग्राम मिरीगुडा पहुंचे आरक्षक देवनारायण भगत को जानकारी मिली कि गांव के दो बच्चे तुलसी कुमार राठिया पिता भोगसिंह राठिया उम्र 4 साल तथा अरीना विश्वकर्मा पिता साधराम विश्वकर्मा उम्र 4 साल, खेलते- खेलते भूलवश रतनजोत का बीज खा लिए थे। दोनों बच्चों की हालत बिगड़ते देख घरवालों ने डायल 112 को कॉल किया जिस पर डायल

112 ईआरव्ही वाहन मौके पर मदद के लिए पहुंची और दोनों बच्चों को सीएससी धर्मजयगढ़ में ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां दोनों बच्चों की स्थिति सामान्य है।

बच्चों में विलक्षण प्रतिभा, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी प्रदेश का नाम रोशन करेंगे : उइके

» राज्यपाल ने एकलव्य आवासीय विद्यालय के राष्ट्रीय खेल महोत्सव के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज राजभवन के दरबार हाल में एकलव्य आवासीय विद्यालय के राष्ट्रीय खेल महोत्सव के विजयी प्रतिभागियों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह खुशी की बात है कि राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने अच्छा स्थान बनाया है और पदक भी जीते हैं। मुझे विश्वास है कि इन बच्चों में भी विलक्षण प्रतिभा है, यही बच्चे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं पदक जीतेंगे और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब इन्हें राजभवन आने का अवसर मिला है, मगर

ऐसा अवसर बार-बार आते रहेगा और उनसे मुलाकात होती रहेगी। इन्हें किसी भी प्रकार की समस्या है तो उनका इस स्तर पर भी समाधान करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि यह खिलाड़ी ऐसे आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी हैं, जो देश के महान ऐतिहासिक पुरूष एकलव्य के नाम पर आधारित हैं। एकलव्य ऐसे व्यक्ति थे, जिनमें अतुलनीय प्रतिभा थी और अपनी लगन और मेहनत के दम पर बिना किसी गुरू के प्रशिक्षण के धनुर्धर विद्या में पारंगत हासिल की थी। वे अपनी प्रतिभा के कारण पूरे इतिहास में अमर हो गए। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उनसे यह सीख लेनी चाहिए कि जीवन में कभी हिम्मत न हारें और सकारात्मक सोच रखते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर प्रयास करें, सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने खिलाड़ियों से ओलंपिक-एशियाई जैसे खेलों में पदक जीतने का आह्वान किया।

अवैध धान की खेप पकड़ायी

अवैध धान के आवक पर रोक लगाने राजस्व एवं जिला पुलिस मुस्तैद

» पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित स्पेशल टीम ने ओडिशा से आ रहे धान को पकड़ा

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिला कलेक्टर यशवंत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा राजस्व एवं जिला पुलिस को आपस में सामंजस्य रखकर दीगर प्रांत से परिवहन कर जिले में लाए जा रहे अवैध धान की तस्करी पर रोक लगाने महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दोनों विभागों को दिए गए हैं।

गत दिनों पुलिस अधीक्षक महोदय रायगढ़ द्वारा थाना/चौकी स्टाफ के अतिरिक्त दिगर प्रांत से आ रहे अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए निरीक्षक आशीष वासनिक एवं निरीक्षक युवराज तिवारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है जो राजस्व टीम के साथ विशेषकर ओडिशा से लगने वाली सीमा पर निगाह रखे हुए हैं। निरीक्षक आशीष वासनिक की टीम थाना क्षेत्र सरिया, डोंगरीपाली, बरमकेला के क्षेत्र में सक्रिय है तथा निरीक्षक युवराज तिवारी की टीम थाना क्षेत्र पुसौर, चक्रधरनगर, तमनार क्षेत्र में अवैध धान की तस्करी पर निगाहें रखे हुए हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 15.12.19 के सुबह निरीक्षक आशीष वासनिक को मुखबिर से सूचना मिली कि उड़ीसा प्रान्त से अवैध रूप से धान परिवहन एक स्वराज माजदा वाहन के जरिए जिले में प्रवेश करने की तैयारी में है जिस पर टी.आाई. वासनिक व उनकी टीम द्वारा ग्राम रिसोड़ा के पास सुबह करीब 6:00 बजे घेराबंदी कर माजदा वाहन ओडी 15 ई- 4359 को पकड़े जिसमें 125 कट्टा वजन 50 क्विंटल धान उड़ीसा प्रान्त का धान कीमत रू. 75000 लोड था।

वाहन के चालक सम्पदाल पिता हेमसागर सेठ उम्र 30 वर्ष निवासी रिसोड़ा से पूछताछ तस्दीकी कर माजदा वाहन मय धान को धारा 102 सीआरपीसी के तहत जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु कृषि उपज मंडी बरमकेला को भेजा गया है, जहां संबंधित के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी।

युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति की अनोखी झलक-कलेक्टर

» विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार आज शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय महापल्ली में आयोजित युवा महोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति विविधतापूर्ण है जो परम्पराओं एवं मान्यताओं से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति की अनोखी झलक रही, जिसके लिए सभी प्रतिभागियों ने कड़ी मेहनत की है। विकासखण्डों में 37 कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 800 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आज विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है, जो राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर जिले के नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर संवित मिश्रा उपस्थित थे।

इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर यशवंत कुमार ने पुरस्कृत किया। जिनमें लोकगीत विधा में प्रथम-तमनार व रायगढ़, गायन शास्त्रीय संगीत हिन्दुस्तानी में प्रथम-सारंगढ़ के पंकज प्रभाकर बरेठ, कत्थक में प्रथम-कु.धारित्री सिंह चौहान पुसौर, हारमोनियम में प्रथम-आकाश तांडी बरमकेला, बांसुरी में प्रथम-विवेक देवांगन रायगढ़, तत्कालिक भाषण में प्रथम-श्रीमती प्रियंका गुप्ता खरसिया, तबला वादन में प्रथम-कन्हैया पटेल बरमकेला, ओडिसी में प्रथम-कु. श्रुति दास रायगढ़, गिटार वादन में प्रथम-अतुल अग्रवाल रायगढ़, सुआ नृत्य में प्रथम सारंगढ़ की ज्योति तिवारी एण्ड ग्रुप, पंथी नृत्य में प्रथम-बरमकेला, करमा नाचा में प्रथम-लैलूंगा, राउत नाचा में प्रथम-पुसौर, फुगड़ी में प्रथम-ज्योति किरण राठिया धरमजयगढ़, भौंरा में प्रथम-अनुप गुप्ता धरमजयगढ़, पारम्परिक वेशभूषा (विविध वेशभूषा)प्रतियोगिता में प्रथम-कु. मनीषा राठिया धरमजयगढ़, छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति के चित्र के आधार पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम- कु.राखी यादव रायगढ़, वाद-विवाद में प्रथम-पक्ष में श्रीमती प्रियंका गुप्ता खरसिया एवं विपक्ष में कु.करूणा रायगढ़, क्विज में प्रथम-अभिषेक सतपथी एवं जितेन्द्र प्रधान पुसौर, निबंध में प्रथम-कु. जया मेहर रायगढ़ एवं डंडा नाच में पुसौर प्रथम स्थान पर रहे।

मुख्यमंत्री से वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ड्वेन ब्रावो ने मुलाकात की

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके रायपुर निवास में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ड्वेन ब्रावो ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने ब्रावो को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया। ब्रावो ने बघेल को क्रिकेट का बैट भेंट किया।

ब्रावो एक डॉक्यूमेंट्री प्रोजेक्ट 'मेन टेक लीड' से जुड़े हैं। यह प्रोजेक्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत वैश्विक स्तर पर संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत दूरस्थ वनांचलों में कठिन परिस्थितियों में रह रही महिलाओं में स्वच्छता व मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूहों को सैनिटरी पैड बनाने वाली मशीनें

प्रदान की जा रही हैं, जिससे इन महिलाओं को आजीविका का साधन मिल सके।

ब्रावो ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि वे मेन टेक लीड प्रोजेक्ट के तहत ग्रामीण छत्तीसगढ़ खासकर पाटन और बस्तर क्षेत्र में महिला स्वसहायता समूहों को 20 मशीनें दान में देना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के इस अभियान की सराहना करते हुए ब्रावो को इस अच्छी पहल के लिए धन्यवाद दिया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480